# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

## //रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आमंत्रण सूचना//

क्र0/ लोकवि/जोन–3/न0नि0/ 2023/ 1252 भिलाई, दिनांक 27/02/23

नगर पालिक निगम, भिलाई अंतर्गत् जोन क्र0–3 क्षेत्रांतर्गत स्थित 50 बस स्टॉप का निर्माण कार्य Build, Operate, Maintene & Transfer (BOMT) हेतु अधिकतम ऑफर के आधार पर इच्छुक संस्थाओं/एन.जी.ओ, समूहो, एजेंसी व अन्य से रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत् आफर दर नियम एवं शर्तो के तहत आमंत्रित की जाती है।

एजेंसी आवेदन पत्र के साथ संस्था का रजिस्ट्रेशन, आयकर प्रमाण–पत्र/पेन कार्ड के साथ रू. 1500.00 नगद जमा कर कार्यालयीन समय में दिनांक 20.03.2023 सांय 5.30 बजे तक नियम/शर्ते की प्रति प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्य हेतु ऑफर दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.03.2023 सायं 5.30 बजे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

आफरदाता को चार लिफाफा पद्धति से प्रस्ताव देना होगा, लिफाफा 'अ' में निर्धारित अमानत राशि रू0 25000.00 का एफ. डी. आर. (किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक) जोन आयुक्त जोन–03 नगर पालिक निगम, भिलाई के नाम से जमा करना एवं लिफाफा 'ब' में एन.जी.ओ., समूह व एजेन्सी का रजिस्ट्रेशन, व्यक्ति का पहचान पत्र व पता संबंधी दस्तावेज, स्वयं हस्ताक्षर का होना अनिवार्य एवं लिफाफा 'स' में अनुमानित राशि व लिफाफा 'द' में भरकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

प्राप्त ऑफर दिनांक 29.03.2023 को प्रातः 11:00 खोली जावेगी। नियम शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दर को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पास सुरक्षित रहेगा। नियम शर्ते एवं अन्य जानकारी निगम के वेबसाईट **www.bhilainagarnigam.com** एवं संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** मे देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

Scanned with CamScanner

(2)

# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

## भिलाई नगर सार्वजनिक निजी क्षेत्र भागीदारी हेतु बस स्टॉप निर्माण हेतु रूचि की अभिव्यक्ति अतंर्गत नियम एवं शर्तें।

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सार्वजनिक निजी क्षेत्र भागीदारी Public Private Participation योजना के अंतर्गत भिलाई नगर के प्रमुख मार्गो पर 50 नग बस स्टॅाप ( Bus Stop ) का निर्माण कराया जाना है। 50 बस स्टाप का निर्माण कार्य Build, Operate, Maintene and Transfer (BOMT) के आधार पर रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है:–

1. आफरदाता को चार लिफाफा पद्धति में प्रस्ताव देना होगा, लिफाफा 'अ' में निर्धारित अमानत राशि रू. 25000.00 का एफ.डी.आर. जोन आयुक्त जोन–03 नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना एवं लिफाफा 'ब' में एन.जी.ओ., समूह व एजेंसी का रजिस्ट्रेशन, व्यक्ति का पहचान पत्र व पता संबंधी दस्तावेज, स्वयं हस्ताक्षर का होना अनिवार्य एवं लिफाफा 'स' में 01 वर्ष के लिए अनुमानित राशि व लिफाफा 'द' में भरकर प्रस्तुत करना होगा।
2. ऑफर दाताओं से अपेक्षा की जाती है कि दर निर्धारण करने के पूर्व प्रस्तावित किये जाने वाले स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लेवें।
3. आफरदाता को प्राप्त दर की स्वीकृति होने की सूचना प्राप्ति के 07 दिनों के भीतर इकरारनामा करना होगा। इकरारनाम न करने की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा ऑफर निरस्त किया जा कर अमानत राशि राजसात की जावेगी जिसमी स्मपूर्ण जवाबदारी आफरदाता की होगी। अनुबंध करने पश्चात जारी कार्यादेश के 07 दिवस अन्दर विषयांकित कार्य प्रारंभ करना होगा।
4. बस स्टॅाप का डिजाइन नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया जाएगा।....बस स्टॅाप के निर्माण के लिये भूमि/स्थान नगर निगम भिलाई द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा कार्यादेश जारी होने के 4 माह के भीतर बस स्टॅाप निर्माण पूरा किया जाएगा।
5. प्रत्येक बस स्टॅाप का कुर्सी क्षेत्रफल (प्लिंथ एरिया) 18'x 8 तथा ऊँचाई 10' रहेगी, जिससे स्थान की उपलब्धता के अनुसार नगर निगम द्वारा संशोधन किया जा सकेगा। प्रत्येक बस स्टॅाप मे सफल निविदाकार को विज्ञापनो के प्रदर्शन के लिये 200 वर्गफिट क्षेत्र का उपयोग काने की अनुमति होगी।
6. विज्ञापनो के प्रदर्शन का अधिकार 5 वर्ष की अवधि के लिये दिया जाएगा। प्रीमियम का (अर्थात् जिस उच्चतम बोली पर ठेका दिया जाएगा उसका) भुगतान नगर निगम का 4 समान वार्षिक किश्तो में किया जाएगा। प्रथम वर्ष की अवधि, प्रीमियम से मुक्त रहेगी।
7. बस स्टॅापमें प्रतीक्षारत यात्रियो की सुविधा के लिये कम से कम 8 सीटे (कुर्सीया–) प्लास्टिक की या पावर कोटेड आयरन की लगाई जाएगी। अतितिक्तिशः पावर कोटेड आयरन रेलिंग का प्रवधान किया जाएगा और फर्श मे अच्छी गुणवत्ता का टाईल्स लगायी जाएगी। बस स्टॅाप और सड़क के बीच के हिस्से को उपयुक्त सामग्री से फर्शीकृत (Pave) किया जाएगा। बस स्टॅाप पर सुरक्षा और विद्युत प्रदाय का दायित्व सफल निविदाकार का होगा।

**जोन आयुक्त**
**जोन–03**
**नगर पालिक निगम,**
**भिलाई**

Scanned with CamScanner

**कार्यालय,नगर पालिक निगम,भिलाई**
**जोन– 3 मदरटेरेसा नगर**

**क0/जोन–3/न0नि0/2023/1252** **भिलाई, दिनांक 27/02/2023**

प्रति,

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम,
भिलाई

**विषयः–** रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आंमत्रण सूचना का प्रकाशन बाबत्।

नगर पालिक निगम, भिलाई में जोन क0–3 से संबंधित संलग्न रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आंमत्रण सूचना का प्रकाशन नियमानुसार दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराकर प्रकाशित विज्ञापन की प्रति उपलब्ध करावें।

**संलग्नः–1. रूचि की अभिव्यक्ति सूचना की प्रति**

जोन आयुक्त
जोन–03
नगर पालिक निगम, भिलाई

पृ0 क0/जोन–3/न0नि0/2023/ भिलाई, दिनांक / / 2023

प्रतिलिपिः–

1. प्रोग्रामर, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर को सूचनार्थ एवं www.uad.cg.gov.in and tender-uad@cg.gov.in में अपलोड करने का कष्ट करेगें ।

sd
जोन आयुक्त
जोन–03
नगर पालिक निगम, भिलाई

Scanned with CamScanner